## संकल्प से सिद्धि

विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल के अंतर्गत केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश व प्रदेश में किया जा रहा है। भाजपा के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इसी कड़ी में प्रदेश में कल 9 जून से 9 जुलाई तक डिजिटल प्रतियोगिता बदलता भारत और 10 से 20 जून तक विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन प्रदेश के विभिन्न भागों में किया जाएगा।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

केंद्र सरकार का विकसित कृषि संकल्प अभियान जिला चंबा में तीव्र गति से चल रहा है। इस अभियान के तहत जिला के दूरदराज गांवों तक पहुंचकर अंतिम पंक्ति में खड़े किसान तक वैज्ञानिक केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला की ग्राम पंचायत गैहरा, सुनारा, तथा कुंडी, लेच, पियूहरा इत्यादि गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान किसानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि उनका लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े किसान तक केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है।

***महिला ब्लॉक के कुछ नाम समक्ष रखता हूं एक बटोट हमारी एरिया एक गलोट पंचायत है उसके जो दुर्गम उसलाड़ा जाके एक स्थान है हमारी जो टीम है टीम –2 पैदल पहुंची है वहां पे और वहां पर जब हम पहुंचे तो एक दो जो हमारी योजनाएं हैं उसके अलावा उनको किसी भी योजनाओं की जानकारी नही थी तो उनके बीच में हम गए उत्सुक थे और उन्होंने यह जानने कोशिस कर की हम किस तरह इस योजना का लाभ ले सकते है।***

कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत फल वैज्ञानिक नेहा धीमान ने बताया कि इस अभियान के तहत किसानों को बताया जा रहा है कि फलों को क्या रोग लगते हैं तथा इन रोगों के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

***अभी हमने टॉटल 18 कम्पेन जो इस विकसित कृषि संकल्प के कर दिए हैं। तो इसमें जो जिसमें हम फार्मस इंटेक्ट कर है तो हम फार्मस को बता रहे है उसके रिगार्डिंग एप्पल ऑरर्चिट है एप्पल में प्रोबल रहती है हम उनको बता रहे है कि आपने कैसे उसका सोलूशन कर ना है।***

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल देर सायं बंगाणा में तीन दिवसीय पिपलू मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बंगाणा स्थानीय विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद शोभायात्रा में भाग लिया। भलेती में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले लोक संस्कृति व भाईचारे के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं ताकि किसान इस खेती को अपनाकर अपनी अर्थिकी को और मजबूत कर सकें। इससे पहले मुख्यमंत्री ने उपमंडल बंगाणा में लगभग एक सौ 19 करोड़ 51 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कुटलेहड़ के विधायक विवेक शर्मा, एडवोकेट जनरल अनूप रतन, कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

जर्मनी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संघर्ष के प्रति समर्थन व्यक्त किया है। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ बैठक के दौरान जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने पहलगाम आंतकी हमले की निंदा की। संसदीय शिष्टमंडल ने पाकिस्तान के परमाणु ब्लैक मेल के सामने न झुकने का संकल्प व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने जर्मनी के राजनीतिक और राजनयिक नेतृत्व को आतंकवाद से कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति से अवगत कराया। भारतीय शिष्टमंडल ने जर्मनी में भारतीय समुदाय के

नेताओं और प्रतिनिधियों से बातचीत की। रवि शंकर प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय मूल के लोगों के सहयोग और एकजुटता की सराहना की। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि पाकिस्ताभ्न लगातार आंतकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

**सोनिया गांधी**

कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कल देर सायं आई.जी.एम.सी. शिमला में एहतियातन स्वास्थ्य जांच करवाई। वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर राहुल राव ने बताया कि सोनिया गांधी नियमित जांच के लिए अस्पताल पहुंची और जांच के बाद वे छराबड़ा लौट गई। उल्लेखनीय है कि सोनिया गांधी 2 जून से छराबड़ा स्थित प्रियंका गांधी के घर में रह रही है।

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल चंबा जिला के उपमंडल चुवाड़ी के अंतर्गत हार गांव में आयोजित छिंज मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक छिंज मेले सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ युवाओं को खेलकूद गतिविधियों में शामिल करने का बेहतरीन माध्यम हैं। उन्होंने युवा वर्ग से नशे के दलदल से दूर रहने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने हार गांव के लोगों की विभिन्न मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

––––––––––––––––––